# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Web: www.vbspu.ac.in Email:connectpuregistrar@gmail.com

पत्रांक : 3277 / पू.वि.वि. / कु0स0 / 2025

दिनांक : 19 जून, 2025

महत्वपूर्ण / अतिआवश्यक

## कार्यालय आदेश

भारत सरकार एवं कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल सचिवालय,उत्तर प्रदेश,लखनऊ के पत्र संख्याः–ई 4299 / 32–जी0एस0 / 2025, दिनांक–18 जून, 2025 के निर्देशानुसार दिनांक–21 जून, 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित थीम **"Yoga for One Earth, One Health"** के अनुसार **अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक–21 जून 2025)** एक साथ **''सूर्य नमस्कार योग मुद्रा''** कार्यक्रम विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में कराया जाना है। उक्त कार्यक्रम कराये जाने हेतु **विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।** कार्यक्रम के बिन्दु निम्नवत हैः–

1. प्रातः 6.30 बजे से प्रातः 7.00 बजे तक मा0 प्रधानमंत्री जी का उद्बोधन।
2. प्रातः 7.00 बजे से प्रातः 7.45 बजे तक आयुष मंत्रालय के प्रोटोकाल के अनुसार योग कार्यक्रम।
3. प्रातः 7.45 बजे से प्रातः 8.00 बजे तक विशिष्टजनों का उद्बोधन।
4. प्रातः 8.00 से प्रातः 8.10 बजे तक एक साथ **''सूर्य नमस्कार योग मुद्रा''** किया जाना है, जिसका जीयोटैग फोटो (03 से 05) तथा इस कार्यक्रम का अधिकतम 30 सेकेन्ड का वीडियों, प्रतिभागियों की संख्या अनिवार्य रूप से भेजा जाय। जिसकी उपस्थिति का विवरण महाविद्यालय स्तर पर रखा जाय एवं विश्वविद्यालय को भी उपलब्ध कराया जाय।

अतः सम्बद्व समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या से अनुरोध है कि कृपया उपरोक्तानुसार कार्यक्रम कराते हुए निम्नानुसार सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

1. दिनांक 21 जून, 2025 को **''सूर्य नमस्कार योग मुद्रा''** कार्यक्रम का महाविद्यालय के लेटर पैड पर कार्यक्रम का प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित व मुहर सहित संक्षिप्त रिपोर्ट, फोटो ग्राफ, विडीयों जिसमें प्रतिभागियों की कुल संख्या महिला / पुरूष (शिक्षक / कर्मचारी / छात्र–छात्रायें / अन्य लोग) मुख्य अतिथि, योग प्रशिक्षक का नाम एवं समाचार पत्रों में प्रकाशन इत्यादि का विवरण सम्मिलित हो।
2. सम्पूर्ण कार्यक्रम का संक्षिप्त रिपोर्ट (केवल एम0एस0वर्ड साफट कापी)
3. कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों का निर्धारित प्रारूप के अनुसार उपस्थिति विवरण की स्कैन कापी (प्राचार्य द्वारा प्रमाणित)
4. समस्त प्रतिभागियों द्वारा कार्यक्रम में सफेद टी–शर्ट / शर्ट पहनना आवश्यक है।

उक्त सूचना अनिवार्य रूप से दिनांक 21 जून, 2025 को सांय 05.00 बजे तक **प्रो0 प्रमोद कुमार यादव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण (मो0 नं0 8700141797)** के ईमेल आई0डी0– **dsw.vbspu@gmail.com** पर भेजना सुनिश्चित करें।

–: प्रारूप निम्नानुसार :–

महाविद्यालय का नाम व मो0नं0:–

| क्रमांक | प्रतिभागियों का नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| | | |

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,वाराणसी ।
2. समस्त अधिकारी / संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / शिक्षक / छात्र–छात्रा विश्वविद्यालय परिसर।
3. प्रो0 प्रमोद कुमार यादव (संयोजक, योग दिवस–2025) अधिष्ठाता छात्र कल्याण, विश्वविद्यालय परिसर।
4. प्राचार्य / प्राचार्या, सम्बद्व समस्त महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पू0वि0वि0,जौनपुर।
5. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
7. प्रशासनिक अधिकारी / प्रभारी / कर्मचारी, समस्त अनुभाग।

कुलसचिव